बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–25/2024, के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–29.06.2024 (शनिवार) को 12:00 बजे मध्याह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक बिहार के 13 जिला मुख्यालयों में आयोजित की जायेगी।

यह परीक्षा 150 प्रश्नों की होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन के 75 प्रश्न (75 अंक) एवं डी॰एल॰एड॰ विषय से संबंधित 75 प्रश्न (75 अंक) की वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय परीक्षा ओ॰एम॰आर॰शीट॰ (OMR Sheet) पर ली जायेगी। प्रत्येक प्रश्न 01 (एक) अंक का होगा। ऋणात्मक अंक (Negative Marks) का प्रावधान नहीं है। प्रश्न अनुत्तरित रहने पर शून्य अंक देय होगा।

इस प्रतियोगिता परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा से पूर्व आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर उपलब्ध रहेगा, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर लिखित परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। **किसी उम्मीदवार को डाक/ईमेल से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा।**

सभी अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने से पूर्व अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (25kb) अपने Dashboard में Login के उपरांत अपलोड करेंगे एवं उसके बाद ही प्रवेश–पत्र डाउनलोड होगा। **परीक्षा के दिन प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र ले जाना सुनिश्चित करेंगे** तथा परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द करना सुनिश्चित करेंगे।

14.6.2024

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।